# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

**दिनांकः 19.04.2026** **समय : 18.30 पीएम**

- **मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने विपक्षी पार्टियों पर महिला आरक्षण को लेकर राष्ट्र हित की बजाय राजनैतिक स्वार्थ को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित पचपदरा दौरे को देखते हुए तैयारियां जोरों पर– भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड सहित वरिष्ठ नेताओं ने जायजा लिया।**
- **अक्षय तृतीया पर आज प्रदेशभर में श्रद्धा और उल्लास का माहौल–परशुराम जयंती पर हुए विभिन्न आयोजन।**
- **आईपीएल क्रिकेट में राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच मुकाबला जारी–राजस्थान ने 156 रनों का लक्ष्य दिया ।**

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कांग्रेस सहित समूची विपक्षी पार्टियों पर देश की महिलाओं के साथ छलावा करने और महिला आरक्षण पर राष्ट्र हित की बजाय राजनैतिक स्वार्थ को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। लोकसभा में हालिया महिला आरक्षण विधेयक के पारित नहीं होने पर आज प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर रखी गई प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियों ने नारी शक्ति के साथ विश्वासघात किया है, जिसे महिलाएं कभी माफ नहीं करेंगी।

...............

प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री पर दिए गए बयान पर नाराजगी जताते हुए कहा कि देश की महिलाएं आने वाले समय में इसका मुंह तोड़ जवाब देंगी।

..............

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, सांसद मंजू शर्मा, पार्टी की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष राखी राठौड़ सहित बडी संख्या में महिला जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी मौजूद रहीं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 21 अप्रैल के प्रस्तावित पचपदरा दौरे को देखते हुए बालोतरा जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। बहुप्रतीक्षित रिफाइनरी के लोकार्पण में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में आमजन और भाजपा कार्यकर्ता शामिल होगें। प्रशासन ने गर्मी के मौसम को देखते हुए विशेष व्यवस्था की है। जगह–जगह वाटर कूलरों के साथ ठण्डे पानी की बौछारों की मशीनें लगाई गई है। तैयारियों का जायजा लेने के लिए आज भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बालोतरा का दौरा किया। पत्रकारों से बातचीत मे श्री राठौड़ ने कहा कि ये ऐतिहासिक क्षण रहेगा इसका लाभ बालोतरा से देशभर को मिलेगा।

..................

इस बीच विभिन्न जिलों से बालोतरा पहुंचने वाले लाभार्थियों और आमजन की सहूलियत के लिए मार्गों पर स्थित पेट्रोल पम्प संचालकों को पर्याप्त ईंधन रखने के निर्देश दिए गए हैं। जिला रसद अधिकारियों को स्टॉक की निगरानी के लिए कहा गया है।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने देशभर में सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए जरूरी दिशा–निर्देश जारी किए हैं। न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और ए.एस. चंदुरकर की पीठ ने भारी या व्यावसायिक वाहन को राष्ट्रीय राजमार्ग के कैरिजवे या पक्के शोल्डर पर निर्दिष्ट पार्किंग स्थलों या अधिकृत सड़क किनारे स्थित सुविधाओं को छोड़कर कहीं भी अन्य स्थान पर ना रोकने का आदेश दिया है। न्यायालय ने राष्ट्रीय राजमार्गों के राइट ऑफ वे के भीतर किसी भी नए ढाबे, भोजनालय या व्यावसायिक ढांचे के निर्माण या संचालन पर रोक लगा दी है। पीठ ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को राजमार्गों पर सुरक्षा में सुधार के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया है।

000

अक्षय तृतीया आज प्रदेशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी जा रही है। सौभाग्य और शुभ लगन की प्रतीक तृतीया पर कई धार्मिक गतिविधियां सम्पन्न हुई। मन्दिरों में विशेष अनुष्ठान किये गये और दिनभर धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा। लोग आज परम्परागत रूप से सोना खरीदने को लेकर भी व्यस्त दिखाई दिए। अक्षय तृतीया पर विष्णु अवतार माने जाने वाले भगवान परशुराम का जन्मोत्सव भी धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। विभिन्न संगठनों और संस्थाओं की ओर से कई कार्यक्रम रखे गये। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बिड़ला सभागार में अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय पूजा आरती में भाग लिया। उन्होंने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आरती की और प्रदेशवासियों के सुख–समृद्धि की कामना की। राज्यपाल ने परशुराम जी को बुद्धि और ज्ञान का समन्वय वाले ऋषि बताते हुए उनके आदर्शों–त्याग, शौर्य और धर्म रक्षा को जीवन में उतारने का संकल्प लेने का आह्वान किया। प्रदेशभर में भी भगवान परशुराम जयंती के मौके पर विभिन्न आयोजन हुए। भीलवाड़ा में परशुराम जयंती पर शोभा यात्रा निकालकर भगवान परशुराम के जयकारे लगाये गये। डीग के आदिबद्री धाम पर तड़के से ही श्रद्धालु भगवान बद्रीनाथ को दाल, चावल, खीचडी, शीतल पेय पदार्थों का भोग लगाकर मनोतियां मांग रहे हैं। झुन्झुनू के नवलगढ स्थित बद्रीनारायण मंदिर का साल में एक दिन खुलने वाला पट आज भक्तों की भारी भीड़ के बीच खोला गया। बांगड क्षेत्र के डूंगरपुर जिले में भी परशुराम जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा के शहर स्थित परशुराम वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर पूजा–अर्चना की। पाली में परशुराम महादेव गुफा मन्दिर पर परम्परागत रूप से ध्वजा चढाई गई और महाआरती और प्रसादी का आयोजन रखा गया। अक्षय तृतीया पर अबूझ सावे के चलते आज विवाह समारोहों की भी धूम बनी हुई है। बहुत से स्थानों पर सामूहिक विवाहों के आयोजन भी रखे गये हैं। राज्यभर में बड़ी संख्या में शादियों की वजह से विवाह स्थल, होटलों, बैण्ड तथा हलवाई–टैन्ट वालों की व्यस्तता देखी जा रही है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों और ग्रामीण इलाकों सहित कई जगह संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। सिरोही से हमारे संवाददाता ने बताया कि क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य इलाकों में बाल–विवाहों की रोकथाम के लिए जिला और पुलिस प्रशासन के साथ स्वयं सेवी संगठन भी दायित्व निभा रहे हैं।

000

आज वर्ल्ड लीवर–डे पर देश–प्रदेश में विभिन्न जागरूकता के आयोजन हुए। लीवर जनित रोगों के चलते दुनियाभर में बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हो रहे हैं। बदलते खानपान, धूम्रपान और अल्कोहल को लीवर रोगों का मुख्य कारण माना जाता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने नागरिकों से अपने स्वास्थ्य की जिम्मेदारी लेने और स्वस्थ लीवर तथा स्वस्थ भविष्य के लिए रोजाना बेहतर विकल्प चुनने का आह्वान किया है।

सोशल मीडिया पोस्ट में श्री नड्डा ने कहा कि लीवर को स्वस्थ रखने में पौष्टिक भोजन, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और शारीरिक रूप से सक्रिय रहने जैसी सरल आदतों का विशेष महत्व है।

000

वैशाख का महीना प्रदेशभर में अपने तेवर दिखाने लगा है। बीते कुछ दिनों से दिन और रात के तापमान में बढोतरी का सिलसिला बना हुआ है। पश्चिमी और उत्तरी जिलों के साथ ही पूर्वी राजस्थान में भी गर्म हवाओं का चलना शुरू हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार बीते चौबीस घंटों में अधिकांश जिलों में दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार रिकॉर्ड हुआ। रात का तापमान भी 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया। विभाग ने आगामी सप्ताह के दौरान तापमान के बढने और गर्म हवाएं चलने की संभावना जताई है।

000

आईपीएल क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच मुकाबला चल रहा है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रॉयल्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवरो में 9 विकेट के नुकसान पर 155 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नाइटराइडर्स की टीम ने अंतिम समाचार मिलने तक 5 विकेट के नुकसान पर 78 रन बना लिए हैं। इधर एक अन्य मैच में चंडीगढ़ में शाम साढे सात बजे पंजाब किंग्स का सामना लखनऊ सुपर जाइंट्स से होगा। प्रतियोगिता में राजस्थान रॉयल्स के आठ अंक हैं। उसने अभी तक पांच मैचों में से केवल एक मैच गंवाया है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 अप्रैल को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 133 वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता द्वारा अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 24 अप्रैल तक स्वीकार किए जाएंगे।

000